मुसीबत मुख्य मार्गों से लेकर गांवों तक सिर्फ गड्ढे, आवागमन ठप्प, पुलिया टूटी

जानलेवा बना सफर : सड़कों पर गड्ढों का राज

जबलपुर। जिले में इस वर्ष मानसून की बारिश अपने पीछे तबाही का ऐसा मंजर छोड़ गई है जिसने लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के उन दावों की पूरी हकीकत बयां कर धज्जियां उड़ा दी हैं, जिन पर हर साल करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जाते हैं। मुख्य मार्गों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक की सड़कें इस वक्त विकास की नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की गवाही दे रही है। सड़कें पूरी तरह से गड्ढों के ढेर में तब्दील हो चुकी हैं।

हालात इतने बदतर हैं कि सड़कों पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सबसे गंभीर मार ग्रामीण और अन्य जिला मार्गों पर पड़ी है। ग्रामीण अंचलों को शहरों से जोड़ने वाली सड़कें अब ढूंढने से भी नहीं मिलतीं, जहां देखिए वहां सिर्फ जानलेवा गड्ढे नजर आते हैं। इसके साथ ही, कई प्रमुख पुल और पुलिया गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। राहगीर हर दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं, और आपातकालीन स्थिति में

एम्बुलेंस का इलाकों तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है और जिम्मेदार प्रशासनिक अमला कुंभकर्णी नींद सो रहा है। एक तरफ जनता सड़कों पर हिचकोले खा रही है, गाड़ियां टूट रही हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम के आलीशान कमरों में बैठे साहबान पूरी तरह बेपरवाह हैं। शहर में बारिश से कितना नुकसान हुआ, कितनी सड़कें उखड़ीं, इसका कोई सटीक आकलन या डेटा फिलहाल नगर निगम के पास नहीं है। बिना किसी ठोस सर्वे के कागजों पर ही मरम्मत की योजनाएं बनाई जा रही हैं, जो सीधे तौर पर जनता की सहूलियत के साथ खिलवाड़ है। वैसे तो मानसून की विदाई करीब है और सड़कों के इस कदर तबाह होने के बाद भी प्रशासनिक अमला लापरवाह बना हुआ है।

यहां की सडक़ें गड्ढों में तब्दील

शहर से लेकर ग्रामीण अंचल कीस ड़के गड्डों में तब्दील हो चुकी है। घमापुर, निवाडग़ंज, पांडे चौक से दीक्षितपुरा रोड, ब्यौहार बाग, ग्वारीघाट रोड, रांझी, गढ़ा, सतपुला, कछपुरा, गणेश नगर, नमन विहार कॉलोनी, खमरिया कैलाश धाम, महाराणा प्रताप वार्ड, गंगानगर, नव निवेश कॉलोनी, मँडी मदार टेकरी, रसल चौक, सिंधी कैम्प, रजा चौक, स्टॉफ कॉलोनी, न्यू गोकलपुर की सडक़े चलने लायक नहीं बची है। ऐसी हाल ग्रामीण अंचलों के भी है।

सड़क निर्माण के लिए 27 करोड़, मरम्मत के लिए 4.55 करोड़ का बजट

लोक निर्माण व नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि सड़कों का तात्कालिक रेस्टोरेशन किया जा रहा है। गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी और चूड़ी डस्ट का इस्तेमाल हो रहा है। बरसात खत्म होते ही सड़कों का परमानेंट रेस्टोरेशन किया जाएगा, जहां डामर की जगह डामर और सीसी की जगह सीसी सड़क बनाई जाएगी। मानसून के दौरान सड़कों के अस्थाई गड्ढे भरने का काम जारी है। सड़क मरम्मत के लिए 4 करोड़ 55 लाख और सड़क निर्माण के लिए इस साल 27 करोड़ का बजट नगर निगम के पास मौजूद है।

इनका कहना है

बारिश के चलते जहां भी सड़कें खराब हुई है उनकी मरम्मत का काम बारिश थमते ही किया जायेगा। मानसून सीजन में सड़कों, पुल, पुलियों का कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन नहीं किया गया है। जोन स्तर पर योजना बनाकर निर्माण व सुधार कार्य होगे।

कमलेश श्रीवास्तव, अधीक्षक यंत्री, कार्यपालक यंत्री

बारिश से नुकसान का डाटा जुटाया जा रहा है। फिलहाल सड़कों को कितना नुकसान हुआ है इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है जो गारंटी अवधि की रोड हैं ठेकेदारों को नोटिस देकर उनसे ही इसका काम करवाएंगे जो गारंटी अवधि के बाहर की रोड है उनके सुधार कार्य बारिश बात होगा।

जागेन्द्र सिंह, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी

बारिश तो सिर्फ बहाना, भ्रष्टाचार का असली ताना-बाना

हर साल की तरह इस बार भी सड़कों की इस दुर्दशा का पूरा ठीकरा अत्याधिक बारिश के सिर फोड़ा जा रहा है। लेकिन जानकारों का साफ कहना है कि पहली ही तेज बारिश में डामर का बह जाना मौसम की मार नहीं, बल्कि सीधे तौर पर घटिया निर्माण गुणवत्ता और प्रशासनिक भ्रष्टाचार की गवाही देता है। ठेकेदारों द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग और अधिकारियों द्वारा बिना जांच फाइलों को पास कर देना ही असली वजह है, जिससे जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा पानी में बह जाता है। नागरिकों में इस बदहाली को लेकर भारी आक्रोश है। जनता की मांग है कि केवल मिट्टी-मुरम डालकर गड्ढों को छिपाने की खानापूर्ति न की जाए, बल्कि इस पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषी ठेकेदारों व भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ की नई टीम ने संभाली कमान

जबलपुर, नवभारत। मप्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी ने मंगलवार को आयोजित शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह में विधिवत जिम्मेदारी संभाल ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, जबलपुर महापौर जगत बहादुर अन्नू एवं निगम अध्यक्ष रिंकू विज उपस्थित रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी संजय सेठ ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई। अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वास पलिया, उपाध्यक्ष सतेंद्र ज्योतिषी व अनुराधा तिवारी, सचिव असीम त्रिवेदी, सहसचिव रूपेश पटेल लड्डू, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल और पुस्तकालय सचिव अजय शुक्ल ने शपथ लेकर अधिवक्ता संघ की जिम्मेदारी संभाली। इनके साथ कार्यकारिणी सदस्यों आशीष तिवारी, अर्णव तिवारी, अभिजीत सोनी, अतुल द्विवेदी, वरुण दुबे, आरती शर्मा, शांति तिवारी एवं विभा पाठक ने भी शपथ ली।

सौंपी गई जिम्मेदारी - समारोह में पदभार हस्तांतरण का दृश्य भी खास रहा। निवर्तमान कार्यकारिणी ने नई टीम को जिम्मेदारियां सौंपते हुए उनका अभिनंदन किया और संघ के कामकाज को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यकारी अध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, सचिव परितोष त्रिवेदी, सहसचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय तथा कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, रवीन्द्र प्रताप सिंह, गरिमा तिवारी ने नई कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। शपथ के साथ ही संघ में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी हुई और नई टीम ने अधिवक्ताओं के हितों, संघ की गरिमा तथा न्यायिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की मौजूदगी रही।

दबंगई : मासूम को नहीं दे रहा सुनाई, बुजुर्ग की पसली और युवक का दांत टूटा

जबलपुर । कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम काटी में पिछले तीन महीनों से एक ही परिवार पर गाँव के कुछ दबंगों द्वारा लगातार हमले और मानसिक प्रताड़ना दी दी जा रही है। दबंगों की इस बर्बरता में एक बुजुर्ग की पसली की हड्डी टूट गई है, युवक का दांत तोड़ दिया गया है और आरोपियों की धक्का-मुक्की के कारण एक मासूम बच्चा जमीन पर गिर गया, जिसके कान में गंभीर चोट आने से उसकी सुनने की क्षमता चली गई है। पुलिस द्वारा कोई सख्त कदम न उठाए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित अजय चौधरी (33) ने बताया कि करण चौधरी, सुदर्शन चौधरी और मनोज चौधरी पिछले 2-3 महीनों से उनके परिवार को जीने नहीं दे रहे हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई जब आरोपियों ने पीड़ित के घर के बाहर रखी 20-25 ईंटें जबरन उठा लीं। जब अजय ने इसका विरोध किया, तो सुदर्शन चौधरी के छोटे बेटे मनोज ने आव देखा न ताव, सरेआम विवाद शुरू कर दिया। जब अजय की पत्नी रोशनी चौधरी बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपी ने उनके साथ भी सरेआम झूमा-झपटी और अभद्रता की। इस धक्का-मुक्की के दौरान गोद में मौजूद उनका मासूम बच्चा छिटककर जमीन पर गिर गया। सिर और कान के हिस्से में गंभीर चोट लगने के कारण बच्चे को अब एक कान से सुनाई देना बंद हो गया है। आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने अजय चौधरी को रास्ते में घेर लिया। आरोपी करण चौधरी ने चलती गाड़ी से अजय को नीचे खींच लिया और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब अजय के वृद्ध पिता नमई चौधरी अपने बेटे की जान बचाने दौड़े, तो आरोपियों ने उन पर लाठी, डंडे, ईंट और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वृद्ध पिता की पसली की हड्डी टूट गई और उनके कपड़े तक फट गए। आरोप है कि मुख्य आरोपी करण चौधरी सरेआम कमर में अवैध कट्टा खोंसकर गाँव में घूम रहा है।

जनसुनवाई में सामने आए 94 प्रकरण

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों से कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 34 दोबारा आए आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आए आवेदनों में अतिक्रमण, सीमांकन, राजस्व प्रकरण, टीसी नहीं मिलने, पेंशन, धान का भुगतान, नामांतरण, आयुष्मान कार्ड बनवाने, कब्जा, पानी.नाली से संबंधित शिकायतें, आपसी विवाद, आर्थिक सहायता तथा भूमि डायवर्सन से संबंधित रहे।

थाने के अंदर बेरहमी से पिटाई, अशियाना छिना

न्याय नहीं मिलने पर 7 दिन में आत्मदाह की चेतावनी

जबलपुर। गोसलपुर थाना अंतर्गत केवलारी की रहने वाली एक बेसहारा महिला ने पुलिस थाना परिसर के भीतर ही दबंगों द्वारा पिटाई किए जाने का आरोप लगाया है। न्याय के लिए दर-दर भटक रही पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही कार्रवाई न होने पर पूरे परिवार सहित आत्मदाह करने चेतावनी दी है। शिकायतकर्ता कृष्णा बाई पारधी ने बताया कि भू-माफिया

मूरत कुचबंधिया के इशारे पर उनकी झोपड़ी को जबरन ढहा दिया गया है। ऐसे मौसम में परिवार के सिर से छत छीन ली गई है। उनके परिवार में बच्चे हैं। मूसलाधार बारिश के बीच वे भूखे-प्यासे, मासूम बच्चों को छाती से लिपटाकर खुले आसमान के नीचे दर-दर भटकने को मजबूर हैं। बीते 18 अगस्त को शाम करीब 5 बजे जब वह अपने बेटे के साथ थाने में थी, तभी लल्लू कुचबंधिया, मूरत कुचबंधिया और उसकी पत्नी ने पुलिस की मौजूदगी को दरकिनार करते हुए थाना परिसर के भीतर ही उन दोनों के साथ मारपीट की। दबंगों ने मां-बेटे को इस बेरहमी से पीटा कि बेटे की पसली में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने के बजाय महज एनसीआर काटकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया और उनके बेटे की मुख्य रिपोर्ट दर्ज नहीं की। महिला का आरोप है कि आरोपी क्षेत्र में कई एकड़ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा जमाए बैठे हैं।

एक नजर में

हर जोन में बनेगा एक-एक आदर्श वार्ड : निगमायुक्त

नवभारत,जबलपुर। शहर में स्वच्छता के नए मानक स्थापित करने के लिए नगर निगम ने एक अभिनव योजना तैयार की है। इसके तहत हर जोन में एक-एक वार्ड को आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाएगा। इन वार्डों में सफाई, कचरा प्रबंधन और सौंदर्यीकरण की मिसाल पेश की जाएगी, जिससे प्रेरित होकर अन्य वार्ड भी अपने स्तर में सुधार करेंगे। ये बातें निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहीं हैं। निगमायुक्त ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा बैठक के साथ-साथ निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए कड़े कदम उठाए, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों में आत्मीयता और कर्तव्यबोध जगाने के लिए सकारात्मक मार्गदर्शन भी दिया है। बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने ये भी कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान कहीं भी सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी पाई गई तो स्वच्छता मानकों में कोताही बरतने वाले लोगों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कारवाई की जाएगी।

संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग ने किया मत्स्यबीज प्रक्षेत्र गोकलपुर का निरीक्षण

नवभारत,जबलपुर। मत्स्य विभाग के संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग गिरीश मेश्राम ने मत्स्यबीज प्रक्षेत्र गोकलपुर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रक्षेत्र में चल रहे मत्स्यबीज उत्पादन व संवर्धन कार्यों का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक गिरीश मेश्राम ने प्रजनक तालाबों का अवलोकन करते हुए मत्स्यबीज उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन, जल गुणवत्ता और मत्स्यबीज की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण मत्स्यबीज के उत्पादन और बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

महाकौशल कॉलेज में छात्र को जमीन पर गिराकर कड़े और बेल्ट से पीटा

जबलपुर। सिविल लाइन थाना अंतर्गत महाकौशल कॉलेज परिसर में छात्रों के दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। कॉलेज की न्यू बिल्डिंग के सामने सरेआम हुई इस मारपीट में बीकॉम के एक छात्र पर लोहे के कड़े और बेल्ट से हमला किया गया। हमले में छात्र का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया।

घटना के बाद अफरा-तफरी और दहशत का माहौल निर्मित हो गया। सिविल लाइन पुलिस ने शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, नकुल सैनी महाकौशल कॉलेज में बीकॉम सेकंड ईयर का छात्र है। नकुल सुबह करीब 10 बजे कॉलेज आया था। दोपहर करीब 12:45 बजे वह कॉलेज की न्यू बिल्डिंग के सामने खड़ा था, तभी उसने देखा कि कॉलेज के ही छात्र संस्कार लखेरा और यशराज वर्मा के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस और वाद-विवाद हो रहा है। विवाद को बढ़ता देख नकुल और उसका दोस्त वीर जाट, संस्कार लखेरा को बचाने के लिए आगे बढ़े।

नकुल जैसे ही बीच-बचाव करने पहुंचा, वहां मौजूद आरोपी अंकित ठाकुर ने उसे पीछे से दबोच लिया और खींचकर जमीन पर पटक दिया। नकुल के जमीन पर गिरते ही हमलावर कृष्णा गौरवंशी और लखन माझी वहां आ धमके और उन्होंने नकुल पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने नकुल को घेर लिया। कृष्णा गौरवंशी ने अपने हाथ में पहने भारी धातु के कड़े से नकुल के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। वहीं लखन माझी ने अपनी कमर से बेल्ट निकालकर उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद कृष्णा, लखन और अंकित ठाकुर तीनों ने मिलकर नकुल को लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा।

तीनों आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। कॉलेज परिसर में हुई इस वारदात को वहां मौजूद छात्र विशाल सैनी, वेद पटेल और वीर जाट ने देखा और बीच-बचाव किया। लहूलुहान हालत में पीड़ित छात्र सिविल लाइन थाने पहुंचा और आपबीती सुनाई। पुलिस ने नकुल सैनी की शिकायत पर आरोपी कृष्णा गौरवंशी, लखन माझी और अंकित ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ट्रेन में घायल मिला यात्री, रेलवे ने तत्परता से अस्पताल पहुंचाया

जबलपुर। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर 13 वर्षीय घायल यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर अस्पताल पहुंचाया गया। 1 सितंबर को रेल मदद 139 के वार रूम एवं उप स्टेशन प्रबंधक (परिचालन) से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 11202 में एक यात्री घायल अवस्था में आधारताल से जबलपुर लाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही रेलवे की टीम सक्रिय हुई और अनन्या क्लिनिक के ईएमआर स्टाफ अतुल राव, ऑन-ड्यूटी टीसी स्टाफ तथा उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) निखिल शुक्ला ने स्टेशन पहुंचकर घायल यात्री को अटेंड किया। यात्री की पहचान मोहम्मद नसरूल (13) के रूप में हुई। ईएमआर स्टाफ ने तत्काल प्राथमिक उपचार दिया और आगे के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी।

एम्बुलेंस की व्यवस्था हुई

यात्री की स्थिति को देखते हुए रेलवे ने आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे अस्पताल को सूचना देकर तत्काल समन्वय स्थापित किया तथा बेहतर उपचार के लिए रेलवे एम्बुलेंस की व्यवस्था की। आरपीएफ स्टाफ की मौजूदगी में घायल नाबालिग यात्री को एम्बुलेंस से शासकीय चिकित्सालय विक्टोरिया, जबलपुर भेजा गया, जहां उसे आगे के उपचार के लिए पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही रेलवे द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। जबलपुर रेल मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर रेल मदद 139 का उपयोग करें।

भीम कुंडी घाट पर मिली महिला की लाश, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत पड़रिया में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सुबह महानदी के भीम कुंडी घाट पर एक अज्ञात महिला का शव पानी में उतराता हुआ पाया गया। सुबह-सुबह नदी किनारे शव मिलने की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 7 बजे ग्राम पड़रिया के सरपंच ब्रज बहादुर चौधरी ने नदी के पानी में एक शव को उतराते हुए देखा। उन्होंने तुरंत कुंडम पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच है। प्रथम दृष्टया शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने उपस्थित लोगों की मौजूदगी में शव का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टमके लिए भिजवा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला की पहचान के लिए आसपास के सभी थानों को सूचित कर दिया गया है। साथ ही हाल ही में दर्ज हुई गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि महिला की मौत डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य संदेहास्पद कारण है।

रिश्तेदारी में जा रहे युवक को वाहन ने रौंदा, मौत

जबलपुर। कुण्डम थाना अंतर्गत बैरागी टोल नाका के पास बीती रात बेलगाम वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब मृतक पत्नी, बच्चों के साथ रिश्तेदारी में जा रहा था। जानकारी के अनुसार, सिहोरा के ग्राम खलरी निवासी भैयालाल बर्मन (60) का बड़ा बेटा विष्णु बर्मन पेशे से ड्राइवर था। वह पत्नी, बच्चों के साथ रिश्तेदारी में मिलने ग्राम गनियारी जाने की बात कहकर घर से मोबाइल साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड पी 8703 से निकला था। लेकिन देर रात करीब 12:55 बजे कुण्डम मार्ग पर स्थित ग्राम बैरागी टोल नाका के पास वाहन क्रमांक एमपी 20 एनएम 6126 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विष्णु को गंभीर चोटें आईं। 108 एम्बुलेंस के माध्यम से लहूलुहान हालत में विष्णु बर्मन को कुण्डम के शासकीय अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दबंगई यात्री से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

रेलवे स्टेशन की पार्किंग में मची गुंडागर्दी !

जबलपुर। मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 के बाहर संचालित पार्किंग में पार्किंग शुल्क को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि पार्किंग संचालक और महिला कर्मचारियों ने एक यात्री से कथित तौर पर मारपीट कर दी। पूरा घटनाक्रम जीआरपी थाने के सामने का बताया जा रहा है। विवाद के दौरान महिला कर्मचारी यात्री से गाली-गलौज करती नजर आईं। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला कर्मचारियों का आक्रोश और कथित अभद्र व्यवहार साफ दिखाई दे रहा है। खास बात यह है कि वीडियो बनाए जाने पर महिला कर्मचारी और अधिक भड़कती नजर आईं।

दबंगई बनी चिंता का कारण

यात्रियों का आरोप है कि रेलवे स्टेशन की पार्किंग में शुल्क को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनती है और पार्किंग कर्मचारियों का व्यवहार यात्रियों के प्रति ठीक नहीं रहता। वायरल वीडियो सामने आने के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि जीआरपी थाने के ठीक सामने यदि यात्रियों के साथ इस तरह की कथित मारपीट और गाली-गलौज हो सकती है तो स्टेशन परिसर के दूसरे हिस्सों में क्या स्थिति होगी। यात्रियों का कहना है कि पार्किंग शुल्क को लेकर यदि कोई विवाद होता है तो उसका समाधान नियमानुसार होना चाहिए, लेकिन कथित तौर पर दबंगई और अभद्रता का रवैया यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

यहां भी होती है गुंडागर्दी

बताया जा रहा है कि स्टेशन के अलावा मेडिकल कॉलेज, लेडी एल्गिन अस्पताल और विक्टोरिया अस्पताल में संचालित पार्किंग को लेकर भी वाहन चालकों और परिजनों की ओर से कर्मचारियों के अभद्र व्यवहार की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में वायरल वीडियो ने पार्किंग व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि रेलवे और संबंधित जिम्मेदार एजेंसियां वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच करती हैं या नहीं। यात्रियों की मांग है कि पार्किंग शुल्क की स्पष्ट व्यवस्था के साथ कर्मचारियों के व्यवहार पर भी निगरानी रखी जाए, ताकि इलाज कराने आए मरीजों के परिजनों और रेल यात्रियों को पार्किंग के नाम पर किसी तरह की परेशानी या कथित दुर्व्यवहार का सामना न करना पड़े।

चार युवकों पर हमला, पत्थरबाजी और तोड़फोड़

आरक्षक पर भी पिटाई, अभद्रता का आरोप, हुआ लाइन अटैच, नौ के खिलाफ एफआईआर

जबलपुर। खमरिया थाना अंतर्गत सगनहाई के पास में एक युवक और उसके साथियों पर नौ आरोपियों ने मिलकर लाठी-डंडों और पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ युवकों को बेरहमी से पीटा, बल्कि उनकी हुंडई वरना कार में जमकर तोड़फोड़ की पत्थरबाजी कर दी और घर तक पीछा कर जान से मारने की धमकी दी। इस बीच एक आरक्षक पर भी मारपीट, अभद्रता का आरोप है जिसे लाइन अटैच कर दिया है। साथ ही मामले में नौ आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नारायण धाम निवासी आशीष कुशवाहा इंदौर की एक निजी कंपनी में काम करता है और बीकॉम पास है। वह रक्षाबंधन के त्योहार के सिलसिले में अपने घर आया हुआ है। वह अपनी सफेद रंग की हुंडई वरना कार क्रमांक एमपी 20 जेड पी 8111 से अपने छोटे भाई अंशुल कुशवाहा, दोस्त सुखदेव तिवारी और शेख अनस के साथ आमाखोह गया था। जब वे वापस लौट रहे थे, तभी सगुनहाई के पास सत्यम यादव नामक युवक ने हाथ देकर कार को रुकवाया। आशीष सत्यम को पहले से जानता था, इसलिए उसने गाड़ी रोक दी। सत्यम के साथ वहां पहले से ही बल्ली उर्फ नरेश यादव, सुरेश यादव, सुंदरम यादव, राहुल यादव, राज कुशवाहा, आदित्य विश्वकर्मा, साहिल साहू और शिवम यादव मौजूद थे। कार रुकते ही आरोपियों ने कहा, शेख अनस को गाड़ी से बाहर उतारो। जैसे ही अनस नीचे उतरा, सत्यम यादव ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने के लिए जब आशीष, उसका भाई अंशुल और सुखदेव तिवारी कार से नीचे उतरे, तो सभी आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने चारों को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने डंडा मारकर कार का सामने का कांच भी तोड़ दिया। आरोपी आशीष के नारायण धाम स्थित घर के सामने पहुंच गए और हंगामा कर पत्थरों से कार पर हमला कर दिया। पथराव में कार के पीछे और दोनों साइड के कांच पूरी तरह टूट गए। इस हमले में आशीष कुशवाहा, अंशुल कुशवाहा, सुखदेव तिवारी और शेख अनस चारों को गंभीर चोटें आई हैं।

आरक्षक से भी झूमाझटकी- सूचना पर पुलिस पहुंच गई थी इस दौरान आरक्षक नरेश कुमार शेंडे से भी झूमाझटकी की गई जिससे वर्दी फट गई और नेम प्लेट टूट गई। वहीं दूसरे पक्ष से बल्ली उर्फ नरेश यादव ने आरक्षक पर मारपीट का आरोप लगाया है थाने में शिकायत दी हैं आरक्षक को लाइन हाजिर कर दिया गया है ।